Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

सरल रेखीय गति

(RECTILINEAR MOTION)

सरांश (SUMMARY)

औसत वेग (किसी समयान्तराल मे): $V_{av}=\overline{V} = <V> = \frac{\Delta X}{\Delta t} = \frac{X_{f-}X_i}{t_{f-}\,t_i}$

औसत चाल (किसी समायान्तराल में) औसत चाल = $\frac{\text{तय दूरी}}{\text{समय अन्तराल}}$

तात्क्षणिक वेग (किसी क्षण पर): $V_{inst} = \lim_{\Delta t \to 0}\left(\frac{\Delta x}{\Delta t}\right) = \frac{dx}{dt}$

कुछ व्यापक फलन के लिए $\frac{dy}{dx}$

y	$\frac{dy}{dx}$	Y	$\frac{dy}{dx}$
X^n	nx^{n-1}	Sec x	Sec x tan x
sin x	cos x	cosec x	-cosec x cot x
Tan x	-six x	log x	1/x
tan x	$\sec^2 x$	e^x	e^x
cot x	$-\text{cosec}^2 x$		

(a) $\frac{d}{dx}(cy) = c\frac{dy}{dx}$ (c एक नियतांक है)

(b) $\frac{d}{dx}(c+v) = \frac{du}{dx} + \frac{dv}{dx}$

(c) $\frac{d}{dx}(uv) = \frac{du}{dx}v + u\frac{dv}{dx}$

(d) $\frac{d}{dx}\left[\frac{u}{v}\right] = \frac{v\frac{du}{dx} - u\frac{dv}{dx}}{V^2}$

(e) $\frac{dy}{dx} = \frac{dy}{du}.\frac{du}{dx}$

(f) यदि $y=u^v$
तब दोनों ओर सवह लेने पर
log y= v.log (u)
अब दोनों ओर अवकलन करने पर

औसत त्वरण (किसी क्षण पर): $\vec{a}_{av} = \frac{\Delta \vec{V}}{\Delta t} = \frac{\vec{V}_f\ \vec{V}_i}{\Delta t}$

तात्क्षणिक त्वरण (किसी क्षण पर) $a=\frac{dv}{dt} = \lim_{\Delta t \to 0}\left(\frac{\Delta v}{\Delta t}\right)$

व्यापक रूप में $\vec{a} = \frac{d\vec{v}}{dt} = \lim_{\Delta t \to 0}\left(\frac{\Delta V}{\Delta t}\right)$

समान त्वरित गति के लिए ग्राफ ($a \neq O$)

- x. t के रूप में एक द्विघातीय व्यंजक हें अतः x-t ग्राफ परवलय है।



- v t के रूप में रेखीय व्यंजक है। अतः v-t ग्रफ a प्रवणता की सरल रेखा है।





- a-t ग्राफ एक क्षैतिज रेखा है। क्योंकि a नियत है।



a-t ग्राफ

- समान त्वरित गति कें लिए ($a \neq 0$) ,x-t ग्राफ परवलय है। उपर की ओर खुला है। यदि a>o तथा नीचे की ओर खुला है यदि (a<o) । परवलय के किसी बिन्दु पर स्पर्ष रेखा की ढाल उस क्षण वेग प्रदान करती है।
- समान त्वरित गति के लिए ($a \neq 0$) , v-t ग्राफ एक सरल रेखा है। जिसकी प्रवणता कण का त्वरण प्रदान करती है
- व्यापक रूप में x-t ग्राफ की स्पर्ष रेखा की प्रवणता वेग तथा v-t ग्राफ की प्रवणता त्वरण होता है।
- a-t ग्रफ के नीचे का क्षेत्रफल वेग में परिवर्तन प्रदान करता है।
- v-t ग्राफ के मध्य का क्षेत्रफल कण द्वारा तय दूरी प्रदान करता है। यदि हम सभी क्षेत्रफल को धनात्मक लें।
- v-t ग्राफ के नीचे का क्षेत्रफल विस्थापन प्रदान करती है। यदि t- अक्ष के नीचे के क्षेत्रफल ऋणात्मक लिया जाए।

अधिकतम व न्यूनतम

$\frac{dy}{dx} = 0 \; \& \; \frac{d}{dx}\left(\frac{dy}{dx}\right) < 0$ अधिकतम पर तथा $\frac{dy}{dx} = o \; \& \; \frac{d}{dx}\left(\frac{dy}{dx}\right) > 0$ न्यूनतम पर

गति का समीकरण

(a) $v = u + at$ (b) $s = ut + 1/2\, at^2$ $s = vt - 1/2\, at^2$ $X_f = X_i + ut + ½\, at^2$
(c) $v^2 = u^2 + 2as$ (d) $s = ½\,(u + v)\,t$ (e) $S_n = u + a/2 \quad (2n-1)$

स्वतंत्रा पूर्वक गिरती हुई वस्तु के लिए : (u=0)
(उपर की ओर धनात्मक मानते हुए)

(a) $v = -gt$ (b) $s = -\frac{1}{2}gt^2$ $s = vt + \frac{1}{2}gt^2$ $h_f = h_i - \frac{1}{2}gt^2$

(c) $v^2 = -2gs$ (d) $S_n = -\frac{g}{2}(2n-1)$

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
[redacted]

Exercise=1

PART-1 : SUBJECTIVE QUESTIONS

SECTION (A) : दूरी और विस्थापन (DISTANCE AND DISPLACEMENT)

A-1. एक कार P से शुरू होकर चित्रानुसार पथ का अनुसरण करती हुई R पर रूक जाती है।
यदि a= 7मी., b=8 मी. और $r = \dfrac{11}{\pi}$ मी. हो तो कार द्वारा तय दूरी एवम् विस्थापन ज्ञात कीजिए। ? [$\pi = \dfrac{22}{7}$ लीजिए]



A-2 किसी खेत तक पहुचने में एक आदमी 50 मीटर उत्तर, 40 मीटर पूर्व तथा 20 मीटर दक्षिण में चलता हो तो –
(a) वह खेत तक पहुचने के लिए कितनी दूरी तय करेगा।
(b) घर से खेत तक कितना विस्थापन होगा।?

Section (B) : औसत चाल और औसत वेग (AVERAGE SPEED AND AVERAGE VELOCITY)

B-1 जब एक आदमी घर से घूमने के लिए कार से निकलता है तो उसके मीटर का पाठ्यांक 12352 किमी. हैं जब वह वापिस दो घंटे बाद घर लौटता है तो मीटर का पाठ्यांक 12416 किमी. हो तो दिये गये समयान्तराल में
(a) कार की औसत चाल क्या है?
(b) कार का औसत वेग क्या है?

B-2 एक कण कुल दूरी का प्रत्येक $\dfrac{1}{3}$ भाग क्रमषः v_1, v_2 और v_3 चाल से तय करता है। कण की औसत चाल क्या होगी।

SECTION (C) : वेग,त्वरण,औसत त्वरण (VELOCITY ACCELERATION AVERAGE ACCELERATION)

C-1. किसी वस्तु की स्थिति $x = At + 4Bt^3$ के द्वारा दी जाती है। जहां A तथा B नियतांक है। बताइए (a) A और B विमाऐ (b) समय क फलन के रूप में त्वरण, (c) t=5 सैकण्ड पर वेग तथा त्वरण ।
C-2 समय के फलन के रूप में वेग फलन बताइये यदि $x= At + Bt^{-3}$ है जहां A तथा B नियतांक है।
C-3 एक धावक अपनी अधिकतम चाल 18 किमी./घण्टा तक 2 सैकण्ड में पहुचता हो तो उसके औसत त्वरण का परिमाण क्या होगा।

Section (D) : गति के समीकरण तथा गुरूत्वीय प्रभाव में गति (EQUATIONS OF MOTION AND MOTION UNDER GRAVITY)

D-1 **एक कार 36 किमी./घण्टा से 90 किमी./घण्टा तक 5 सैकण्ड में त्वरित होता है। इसका मीटर/सैकण्ड² में त्वरण क्या होगा तथा इस समय में यह कितनी दूरी तय करेगी? नियत त्वरण मानिए।**
D-2 एक रेल विरामावस्था से प्रारम्भ होकर नियत त्वरण से 2.0मी./सैकण्ड² से आधे मिनट तक गति करती हैं तब उस पर ब्रेक लगाए जाते है और वह एक मिनट में विराम में आ जाती हैं बताइये (a) ट्रेन द्वारा कुल तय दूरी (b) ट्रेन द्वारा चली गई अधिकतम चाल, (c) अधिकतम चाल की आधी चाल पर ट्रेन की स्थितियां
D-3 नियत त्वरण से गति करते हुए कण के 5 सैक. के समयान्तराल में प्रारम्भिक एवं अन्तिम वेग क्रमषः 5मी./सैक. एवं 15 मी./सैक. है। कण द्वारा तय दूरी तथा कण का त्वरण ज्ञात कीजिए। अगर कण इसी त्वरण से गति करता रहे तो 8वें सैकण्ड में कण द्वारा तय दूरी की गणना कीजिए।
D-4 72 किमी./घंटा से गति करती हुई एक कार 2 मी./सैक.² से मंदित होती है तो बताइये (a) इसके रूकने से पूर्व तय दूरी (b) इसके द्वारा रूकने में लगा समय और (c) पहले तथा तीसने सैकण्ड में तय दूरी।
D-5 किसी टॉवर से गिरती हुई एक बॉल गति के अन्तिम सैकण्ड में 15 मीटर दूरी तय करती है तो टॉवर की उंचाई बताइये

Section (E): ग्राफ से सम्बन्धित प्रश्न (GRAPHS RELATED QUESTION)

E-1 x-अक्ष के अनुदिष गति करते कण का वेग–समय ग्राफ प्रदर्षित है। कण द्वारा तय दूरी, विस्थापन तथा

औसत वेग ज्ञात करों



E-2. t=0 से प्रारम्भ गाड़ी का त्वरण, समय के साथ चित्रानुसार बदलता है। कण द्वारा 30 सैकण्ड में तय दूरी तथा स्थिति –समय वक्र बनाइये।



E-3. दो कण A तथा B विरामावस्था से प्रारम्भ होकर समान समय के लिए एक सीधी रेखा पर चलते हैं। कण A का त्वरण कुल समय के आधे समय के लिए a तथा शेष आधे समय के लिए 2a है। द्वितीय कण का पहले आधे समय के लिए त्वरण 2a तथा शेष आधे के लिए a है। कौनसे कण ने ज्यादा दूरी तय की होगी।

PART-II : OBJECTIVE QUESTIONS

Section (A): दूरी और विस्थापन (DISTANCE AND DISPLACEMENT)

A-1. एक हॉल की विमाऐं 10 मी. x 10 मी.. x 10 मी.. है । एक मक्खी एक कोने से विकर्ण के विपरीत दिशा में दूसरे कोने की ओर जाना शुरू करती है। मक्खी के विस्थापन का परिमाण लगभग क्या होगा।?

(A) $5\sqrt{3}m$ (B) $10\sqrt{3}m$ (C) $20\sqrt{3}m$ (D) $30\sqrt{3}m$

Section (B): औसत चाल और औसत वेग (AVERAGE SPEED AND AVERAGE VELOCITY)

B-1 एक कार A से B तक 20 किमी./घण्टा से गति करती है और 30 किमी./घण्टा से वापस लौटकर आ जाती है। पूरी यात्रा के दौरान कार की औसत चाल क्या होगी।

(A) 5 किमी./घण्टा (B) 24 किमी./घण्टा (C) 25 किमी./घण्टा (D) 50 किमी./घण्टा

B-2. सरल रेखा में गतिमान एक व्यक्ति कुछ समय के लिए एक समान वेग v_1 से तथा उसी समान समय के लिए एक समान वेग v_2 से गति करता है। व्यक्ति का औसत वेग v होगा।

(A) $v=\frac{v_1+v_2}{2}$ (B) $v=\sqrt{v\ v_2}$ (c) $\frac{2}{v}=\frac{1}{v_1}+\frac{1}{v_2}$ (D) $\frac{1}{v}=\frac{1}{v_1}+\frac{1}{v_2}$

B-3 एक वस्तु यात्रा का पहला $\frac{1}{3`}$ भाग 2 मी./सैक. वेग से अगला $\frac{1}{3}$ भाग 3 मी./सैक. के वेग से तथा शेष यात्रा 6मी./सैक. से तय करती है। वस्तु का औसत वेग क्या होगा।

(A) 3m/s (B) $\frac{11}{3}m/s$ (c) $\frac{8}{3}m/s$ (D) $\frac{4}{3}m/s$

B4. एक कार 100 मीटर त्रिज्या के वृत्तीय पथ में नियत चाल से प्रत्येक चक्कर 62.8 सैकण्ड में पूरी करती है। प्रत्येक चक्कर में औसत चाल तथा औसत वेग क्या होगा।

(A) वेग 10मी./सैक. चाल 10 मी./सैक. (B) वेग शून्य, चाल 10 मी./सैक
(C) वेग शून्य, चाल शून्य (D) वेग 10मी./सैक. चाल शून्य

Section (C): वेग, त्वरण, औसत त्वरण (VELOCITY, ACCELERATION, AVERAGE, ACCELERATION)

C.1 किसी वस्तु का विस्थापन $2s = gt^2$ के द्वारा दिया जाता है जहां g एक नियतांक है। किसी समय t पर वस्तु का वेग होगा।
(A) gt (B) gt/2 (C) $gt^2/2$ (D) $gt^3/6$

Section (D): गति की समीकरण तथा गुरूत्वीय प्रभाव में गति (EQUATIONS OF MOTION AND MOTION UNDER GRAVITY)

D-1. t=0 पर एक कण का वेग पूर्व की ओर u है एवं इस पर एक नियत त्वरण पष्चिम की ओर कार्यरत है। यदि प्रथम 10 साल एवं अगले 10 सैकण्ड में विस्थापन X_a तथा X_B हो तो–
(A) $x_A < x_B$ (B) $x_A = x_B$ (C) $x_A > x_B$
(D) x_A तथा x_B के बीच सम्बन्ध के लिए सूचनाएं अपर्याप्त है।

D-2. एक वस्तु विरामावस्था से प्रारभ होकर 30 सैकण्ड तक एक समान त्वरित होती है यदि पहले 10 सैकण्ड में तय दूरी x_1 तथा अगले 10 सैकण्ड में x_2 तथा अन्तिम 10 सैकण्ड में x_3 है तो $x_1:x_2:x_3$ का अनुपात होगा।
(A) 1:2:4 (B) 1:2:5 (C) 1:3:5 (D) 1:3:9

D-3. एक बिल्डिंग के सबसे उपर से एक गेंद को छोड़ा जाता है। बिल्डिंग के सबसे उपर वाले बिन्दु से नीचे की ओर किसी दूरी पर स्थित 3 मीटर लम्बी खिड़की को पार करने में बॉल 0.5 सैकण्ड का समय लेती है। यदि खिड़की के उपरी तथा निचले वाले बिन्दु पर बॉल की चाल क्रमषः v_T तथा v_B है तो ($g=9.8$ m/sec^2)

(A) $v_T + v_B = 12ms^{-1}$ (B) $v_T - v_B = 4.9\ ms^{-1}$ (C) $v_B v_T = 1ms^{-1}$ (D) $\frac{v_B}{v_T} = 1ms^{-1}$

D-4 a त्वरण से उपर की ओर गतिमान लिफ्ट एक पत्थर को छोड़ा जाता है तो छोड़ने के पश्चात पत्थर का त्वरण होगा।
(A) a उपर की ओर (B) (g-a) उपर की ओर (C) (g-a) नीचे की ओर (D) g नीचे की ओर

D-5 एक कण का प्रारम्भिक वेग u (समय t=0 पर) तथा त्वरण f (f=at) के द्वारा दिया जाता है। इनमें से कौनसा सम्बन्ध सत्य है।

(A) $v = u + at^2$ (B) $v = u + \frac{at^2}{2}$ (C) $v = u + at$ (D) $v = u$

D 6. एक पत्थर को h मीटर गहरे कुएं में कुएं के उपरी बिन्दु से छोड़ा जाता है। अगर v ध्वनि का वेग तथा T वह समय है, जब ध्वनि आवाज सुनी जाती है तो T का मान होगा।

(A) T=2h/v (B) $T=\sqrt{\frac{2h}{9}+\frac{h}{v}}$ (C) $T=\sqrt{\frac{2h}{g}+\frac{h}{2v}}$ (D) $T=\sqrt{\frac{h}{2g}+\frac{2h}{v}}$

D 7. एक विद्यार्थी हाथ में विराम घड़ी बांधकर गुरूत्वीय नियम को परखने हेतु 320 मीटर उचाई तक जाकर स्वतंत्र रूप से गिरना प्रारम्भ करता है। 5 सैकण्ड के बाद इस स्थिति में सुपरमैन पहंचता है तथा छत से विद्यार्थी की ओर कूदता है। सुपरमैन का प्रारम्भिक वेग क्या होना चाहिए अगर विद्यार्थी जमीन पर पहुचने के ठीक पहले वह उसे पकड़ लेता है।
[मानिए कि सुपरमैन का त्वरण किसी स्वतंत्र रूप से गिरती वस्तु के बराबर है।] (g=10मी./सैक.^{2})
(A) 67.23 m/s (B) 91.66 m/s (C) 102.91 m/s (D) यह संभव नहीं है।

D 8. Ex. 1 के D7 (Obj) प्रश्न में विद्यार्थी कितनी उंचाई से कूदे जिससे कि सुरपमैन भी उसे बचा न सकें
(A) 65 m (B) 85 m (C) 125 m (D) 145 m

Section(E): ग्राफ से सम्बन्धित प्रश्न (GRAPHS RELATED QUESITON)

E.1 चित्र में दो कारों A तथा B के स्थिति –समय ग्राफ को दिखाया गया है।



(A) कार A, कार B से तेज चलती है
(B) कार B कार A से तेज चलती है
(C) दोनों कार समान वेग से चलती है।

(D) दोनो कारो का त्वरण धनात्मक होगा

E.2 X- अक्ष के अनुदिष किसी कण का विस्थापन–समय ग्राफ में दिखाया गया है।



(A) कण लगातार धनात्मक x दिशा में गति करता रहेगा।
(B) कण विरामावस्था में है।
(C) वेग, समय t_o तक बढ़ता है फिर नियत हो जाता है।
(D) समय t_0 तक कण नियत वेग से गति करता है। फिर रूक जाता है।

E-3 किसी गतिशील कण का विस्थापन–समय ग्राफ नीचे दर्षाया गया है। तो किसी बिन्दु पर तात्क्षणिक वेग ऋणात्मक होगा।



(A) C (B) D (C) E (D) F

E-4 सरल रेखा में गतिमान किसी कण का वेग चित्रानुसार परिवर्तित होता है कण द्वारा 4 सैकण्ड में तय दूरी बताइये।



(A) 25 m (B) 30 m (C) 55 m (D) 60 m

E-5 एक कण विराम से प्रारम्भ होकर नियत त्वरण से सीधी रेखा के अनुदिष गति करता है वेग v का विस्थापन S के साथ परिवर्तन निम्न में से कौन सा है।

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

E-6 दो कण A और B का विस्थापन समय ग्रफ अक्ष से 30^0 तथा 60^0 के कोण बनाती हुई सीधी रेखाऐ है अगर A का वेग v_A तथा B का वेग v_B है तो $\frac{v_A}{v_B}$ का मान होगा।

(A) $\frac{1}{2}$ (B) $\frac{1}{\sqrt{3}}$ (C) $\sqrt{3}$ (D) $\frac{1}{3}$

Exercise # 2

PART-1: SUBJECTIVE QUESTIONS

1. सीधी रेखा में गतिमान चार कण चित्र में प्रदर्षित चार पथों पर गति करते हुए प्रारम्भिक बिन्दु से अन्तिम बिन्दु तक समान समय में पहुंचते है। रास्ता बराबर दूरी पर स्थित ग्रिड से गुजरता है। रास्तों का क्रम निम्नानुसार चुनिए।



(a) औसत वेग के परिणाम के आधार पर पथों को व्यवस्थित कीजिए।

(b) सर्वाधिक औसत चाल वाले कण को सर्वप्रथम रखते हुए औसत चालों को व्यवस्थित कीजिए।

2. एक कण कुल दूरी की आधी दूरी वेग v_0 से तय करता है। बची हुई दूरी को वह आधे समय में वेग v_1 से तथा आधे समय में वेग v_2 से तय करता हे। कण का माध्य वेग बताइये।

3. किसी कण का विस्थापन एक सीधी रेखा के अनुदिष $x=16t-2t^2$ द्वारा दिया जाता है। बताइये।
(a) कण का 2 s तथा 6 s के बाद विस्थापन । (b) कण द्वारा 2s तथा 6s के बाद तय दूरी।

4. नियत चाल v से चलता हुआ एक व्यक्ति जमीन से H उंचाई पर लटके हुए लालटेन के पास से गुजरता है तो आदमी के सिर की परछाई का जमीन पर वेग क्या होगा।

5. एक पुलिस जीप एक मोटरसाईकिल सवार चोर का पीछा कर रही है। मोटरसाईकिल चालक मोड़ को 72 किमी./घण्टा की रफ्तार से पार करता है। जीप 90 किमी./घण्टा से मोड़ से मोटरसाईकिल के निकलने के 10 सैकण्ड बाद गुजरती हे। मोड़से कितना दूर जीप मोटरसाईकिल को पकड़ लेगी।

6. 11.8 मीटर उंची मीनार से 7 मीटर की दूरी पर खड़ा हुआ एक व्यक्ति, एक छत से एक बच्चे को फिसलता देखता है। उसे अपनी हाथों की उचाई पर (1.8 मीटर) उस बच्चे को पकड़ने के लिए किस चाल (एक समान) से दौड़ना पड़ेगा। ($g= 9.8\ m/s^2$)

7. एक व्यक्ति एक समान त्वरण a से गतिमान लिफ्ट में नीचे की आ रहा है। त्वरण को मापने के लिए व्यक्ति उस क्षण एक सिक्का गिराता है। कि जब लिफ्ट शुरू होती है। जब सिक्के को गिराया जाता है। तो यह लिफ्ट के फर्ष से 6 फीट की उचाई पर है। आदमी पाता हे। कि सिक्का फर्ष पर पहुंचने में एक सैकण्ड का समय लेता है, लिफ्ट का त्वरण बताइये।
[यहां g=32 फीट/सैकण्ड^2]

8. 10मी./सैक. के प्रारम्भिक वेग से सरल रेखा में गतिमान कण नियत त्वरण से गति करता है। जब कण का वेग 50 मी./सैक.होता है तो इसके त्वरण की दिषा विपरीत हो जाती है। कण के पुनः अपने प्रारम्भिक बिन्दु पर पहुचने पर वेग ज्ञात करों।

9. दो ट्रेनें किसी स्टेषन से एक दूसरे के समान्तर चलना प्रारम्भ करती है। पहली टेन का त्वरण 0.5 मी./सैक.^{2} है तथा अधिकतम वेग 22 मी./सैक. से गति करती है। 40 सैकण्ड के बाद दूसरी टेन 1 मी./सैक^2 के त्वरण से चलते हुए अधिकम 44 मी./सैक. प्राप्त करती है। वह समय बताइये जब दूसरी ट्रेन पहली टेन को पकड़ लेगी?

10. एक कण विराम से शुरू होकर प्रारम्भ में नियत त्वरण से 'd' दूरी तय करता है, उसके पष्चात प्राप्त नियत वेग से वह शेष '2 d' दूरी तय करता है। फिर नियत मंदन से गति करता हुआ वह कण '3d' दूरी तय करके विराम में आ जाता है। मानिए कि पूरा पथ एक सीधी रेखा के अनुदिष है तो इसकी यात्रा में औसत वेग तथा अधिकतम वेग का अनुपात बताइये।

11. चित्र में किसी निर्देष रेखा के अनुदिष वेग v से गति करता हुआ कण प्रदर्षित है–



(a) कण कब आगे की ओर गति करेगा? पीछे की ओर गति करेगा? उसकी चाल बढ़ेगी? चाल घटेगी।
(b) कण का त्वरण कब धनात्मक, ऋणात्मक तथा शून्य होगा?
(c) कण कब अपनी अधिकतम चाल से गति करेगा ?
(d) कण एक क्षण से ज्यादा देर कब रूकेगा ?

12. जब एक मॉडल रॉकेट का अन्तरिक्ष के लिए भेजा जाता है तो इसका ईधन कुछ सैकण्ड के लिए जलकर रॉकेट को उपर की ओर त्वरित करता ळें ईधन जलने के बाद रॉकेट कुछ देर के लिए उपर की ओर गति करता है और फिर नीचे गिरना शुरू कर सकता है और उसी क्षण एक पॅराषूट खुल जाता है जो रॉकेट को मन्दित कर नीचे गिरनेपर टूटने से बचाता है मॉडल रॉकेट से वेग के आंकड़े लिए जाते है जो चित्रानुसार प्रदर्षित है। निम्न आंकड़ों को प्रयोग में लेते हुए जवाब दीजिए।



(a) रॉकेट का वेग ज्ञात करो जब इंजन बन्द किया गया हो

(b) ईधन कितने सैकण्ड तक जला?
(c) अधिकतम उंचाई तक जब पहुंचने पर रॉकेट का वेग ज्ञात करों
(d) पॅराषूट कब खोला गा एवं उस समय रॉकेट का वेग कितना था।
(e) पॅराषूट के खुलने से पहले रॉकेट कितनी देर तक गिरा था।
(f) रॉकेट का त्वरण अधिकतम कब था।
(g) नियत त्वरण कब था एवं उसका मान क्या था। (निकटवर्ती पूर्णाक में उत्तर दीजिए)

PART-II : OBJECTIVE QUESTIONS

1. समान द्रव्यमान की दो गेंदों को उर्ध्व दिशा में 2 सैकण्ड के अन्तराल में एक समान प्रारम्भिक वेग 40 मी./सैक. से उपर की ओर फेंका जाता है तो ये किस उचाई पर टकराएगी।
(A) 120 m (B) 75 m (c) 200 m (d) 45 m

2. एक वस्तु मूल बिन्दु से प्रारम्भ होकर x- अक्ष अनुदिष इस प्रकार गति करती है कि किसी समय उसका वेग $(4t^3-2t)$ के द्वारा दिया जाता है। जहां t सैकण्ड में तथा वेग मी./सैक. में है जब कण मूल बिन्दु से 2 मीटर की दूरी पर है तो कण का त्वरण होगा
(A) 28 m/s^2 (B) 22m/s^2 (C) 12m/s^2 (D) 10m/s^3

3. किसी वस्तु का विस्थापन x=a sin $(\varpi t+\theta)$ के द्वारा दिया जाता है। वह समय जब विस्थापन अधिकतम होगा (ϖ और θ नियत है)
(A) $\frac{\theta}{\varpi}$ (B) $\left(\frac{\pi}{2\varpi}-\frac{\theta}{\omega}\right)$ (C) $\pi/2\omega$ (D) $\left(\frac{2\pi}{\omega}-\frac{\theta}{\omega}\right)$

4. एक वस्तु h उंचाई के टॉवर से छोड़ी जाती है। यह T सैकण्ड जमीन तक पहुंचने में लेती है। यह T/2 समय पर कहां पर होगी।
(A) जमीन से h/4 उंचाई पर। (B) जमीन से h/2 मीटर पर।
(C) जमीन से 3h/4 मीटर पर (D) वस्तु के द्रव्यमान पर निर्भर करेगा।

5. किसी पत्थर को टॉवर से उपर की ओर u प्रारम्भिक वेग से फेंकने पर जमीन पर 3u वेग से पहुंचता है तो टॉवर की उंचाई हे।
(A) $\frac{3u^2}{g}$ (B) $\frac{4u^2}{g}$ (C) $\frac{6u^2}{g}$ (D) $\frac{9u^2}{g}$

6. विराम से a त्वरण से त्वरित हुए कण का n सैकण्ड पष्चात वेग v हो तो अन्तिम 2 सैकण्ड में कण का विस्थापन है।
(A) $\frac{2v(n-1}{n}$ (B) $\frac{v(n-1)}{n}$ (C) $\frac{v(n+1)}{n}$ (D) $\frac{2v(2n+1)}{n}$

7. एक बॉल को h उंचाई के टॉवर से उपर की ओर v वेग से फेंकने पर बॉल जमीन से कितने समय बाद टकराएगी।
(A) $\frac{v}{g}\left[1+\sqrt{1+\frac{2gh}{v^2}}\right.$ (B) $\frac{v}{g}\left[1-\sqrt{1+\frac{2gh}{v^2}}\right.$ (C) $\frac{v}{g}\left(1+\frac{2gh}{v^2}\right)^{1/2}$ (D) $\frac{v}{g}\left(1-\frac{2gh}{v^2}\right)^{1/2}$

8. एक गुब्बारा 10मी./सैक. से जमीन से उपर की ओर जा रहा है इससे एक पत्थर छोड़ा जाता है। जो जमीन पर 11 सैकण्ड में पहुचता है जब पत्थर जमीन पर पहुचता हे तब गुब्बारे की उचाई क्या थी।

(A) 495m (B) 592m (C) 460 m (D) 500 m

9. पानी की बूंदे जमीन से 5 मीटर उचाई पर स्थित नल से बराबर अन्तराल में गिरती है तीसरी बून्द उस वक्त छूट रही होती है जब पहली बूंद जमीन को छू रही होती है। उस समय जमीन से कितनी दूरी पर द्वितीय बूंद होगी? ($g=10ms^{-2}$ लीजिए)

(A) 1.25 m (B) 4.00m (C) 2.50 m (D) 3.75 m

10. जमीन से अलग–अलग a तथा b उंचाई पर स्थित दो कणों को स्वतंत्र रूप से विराम से गिराने पर जमीन पर उनके वेगों का अनुपात होगा।

(A) a:b (B) $\sqrt{a}:\sqrt{b}$ (C) $a^2:b^3$ (D) $a^3:b^3$

11. किसी एक विमीय गति में कण की स्थिति तथाा समय t में सम्बन्ध $x^2+2x = t$ के द्वारा दिया जाता है इनमे से सत्य कथन होगा

(A) कण का मंदन $\frac{1}{4(x+1)^3}$ (B) एक कण एक समान त्वरण $\frac{1}{(x+1)^3}$ है

(C) कण का एक समान वेग $\frac{1}{(x+1)^3}$ है (D) कण का परिवर्तनषील त्वरण 4t +6 द्वारा दिया जाता है

12.*घड़ी के मिनट की सुई की गति को देखिए। एक घण्टे में

(A) विस्थापन शून्य है (B) तय दूर शून्य है। (C) औसत चाल शून्य है। (D) औसत वेग शून्य है।

13.* एक कण सीधी रेखा में जा रहा है। इस कण के लिए सही कथन पहचानियें

(A) अगर वेग और त्वरण विपरीत दिषा में है तो कण की चाल कम हो रही है।

(B) अगर वेग और स्थिति विपरीत चिन्ह के है तो कण मूल बिन्दु की ओर जा रहा है।

(C) अगर किसी क्षण वेग शून्य है तो उस क्षण पर त्वरण भी शून्य होगा।

(D)अगर वेग किसी समयान्तराल में शून्य है तो उस समयान्तराल किसी क्षण त्वरण भी शून्य होगा।

14.किसी कण का वेग t=0 पर शून्य है।

(A) t=0 पर त्वरण शून्य ही होगा B) t=0 पर त्वरण शून्य हो सकता है।

(C) अगर t=0 से t=10 सैकण्ड में त्वरण शून्य है तो चाल भी इस अन्तराल में शून्य होगी।

(D) अगर t=0 से t=10 सैकण्ड में चाल शून्य है तो त्वरण भी इस अन्तराल में शून्य होगी।

15. सही कथन चुनिएः

(A) किसी कण के तात्क्षणिक वेग का परिणाम उसकी तात्क्षणिक चाल के बराबर होगा।

(B) किसी अन्तराल के औसत वेग का परिणाम उस अन्तराल में औसत चाल के बराबर होगा

(C) ऐसी स्थिति सम्भव है कि कण की चाल हमेषा शून्य हो परन्तु औसत चाल शून्य न हो।

(D) यह सम्भव है कि कण की चाल तो शून्य न हो परन्तु कण की औसत चाल किसी अन्तराल में शून्य है।

16. किसी सीधी रेखा में गति करने का वेग समय ग्राफ चित्रानुसार प्रदर्षित है।



(A) कण का त्वरण नियत होगा।

(B) कण कभी भी नहीं मुड़ा होगा

(C) कण का विस्थापन शून्य होगा।

(D) कण की 0 से 10 सैकण्ड में औसत चाल वही होगी जो 10 सैकण्ड से 20 सैकण्ड के दौरान है।

17. x- अक्ष के अनुदिष चाल रहे किसी कण की स्थिति समय के साथ चित्रानुसार परिवर्तित होती है।



(A) कण 6 बार विरामावस्था में आया है।

(B) कण की अधिकतम चाल t=6 सैकण्ड पर है।

(C) t=0 से t=6 सैकण्ड के दौरान कण का वेग धनात्मक होगा।

(D) कुल दिए गए समय के दौरान औसत वेग ऋणात्मक होगा।

18. एक वस्तु जब h दूरी तक स्वतंत्र रूप से गिर जाती है तो इस दौरान इसका वेग शून्य से v तक हो जाता हे। तो अगली चली गयी दूरी क्या होगी यदि इस दौरान उसका वेग दुगुना हो जाये।

(A)h (B)2h (C)3h (D) 4h

Exercise # 3

PART-1: MATCH THE COLUMN

1. स्तम्भ I में धनात्मक x अक्ष के अनुदिष गतिमान कण से संबंधित आरेख दिए गए। हैं चर v.x व t क्रमषः कण की चाल, कण का x-निर्देषांक तथा समय को प्रदर्षित करते है। स्तम्भ II में कुछ परिणाम अर्थ है। स्तम्भ I के चित्रों को स्तम्भ II के कथनों के साथ सुमेलित करे तथा आपके उत्तर को OMR में 4 x 4 मेट्रिक्स में उचित गोले को गहरा कर के दिखाए।

Column I — **Column II**

(A) 

v - x graph

(p) कण का त्वरण एकसमान है

(B) 

v v^2 - x graph

(q) कण का त्वरण असमान है

(C) 

v v - t graph

(r) कण का त्वरण ‘t’ के सीधे समानुपाती है।

(D) 

v - t^2 graph

(s) कण का त्वरण x के सीधे समानुपाती है।

2. **सुमेलित कीजिए–**

(i) विस्थापन में परिवर्तन — (A) औसत वेग का परिणाम

(ii) औसत चाल हमेषा अधिकतम होती है या बराबर होती है। — (B) प्रारम्भिक बिन्दु से अंतिम बिन्दु

(iii) विस्थापन की दिषा के समान होती है। — (C) वेग

PART-II: COMPREHENSION

अनुच्छेद ≠ 1

निम्न अनुच्छेद को पढ़कर इस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिये। x अक्ष के अनुदिष गतिमान कण का विस्थापन–समय वक्र नीचे दिया गया है AM तथा BN क्रमषः प्रारम्भिक तथा अन्तिम क्षण का वक्र पर खींची गई स्पर्ष रेखाऐं है। ($\theta_1 = \theta_2 = 120^0$



3. प्रथम 20 सैकण्ड के दौरान औसत वेग है–
(A) -10m/s (B) 10 m/s (C) zero (D) 20 m/s

4. प्रथम 20 सैकण्ड के दौरान औसत त्वरण है–
(A) -10m/s^2 (B) 10m/s^2 (C) zero (D) 20 m/s^2

5. प्रथम 10 सैकण्ड के दौरान त्वरण की दिशा (i or- i) है। ____________

6. समयान्तराल जिस दौरान गति मन्दित होती है।
(A) 0 to 20sec. (B) 10 to 20sec. (C) 0 to 10sec. (D) None of these

अनुच्छेद $\neq 2$

जिस कण की स्थिति $x=2(t-t^2)$ द्वारा व्यक्त की जा सकती है।
जहां t सेकण्ड में है तथा x मीटर में है।

7. कण का त्वरण है?
(A) 0 (B) 4 m/s^2 (C) -4m/s^2 (D) इनमें से कोई नहीं

8. x- अक्ष पर कण की स्थिति का महत्तम निर्देषांक है।
(A) 1 m (B) 2 m (C) $\frac{1}{2}m$ (D) 4 m

9. कण
(A) कभी ऋणात्मक x- अक्ष में नहीं जाता है।
(B) कभी धनात्मक x- अक्ष में नहीं जाता है।
(C) मूल बिन्दु से शुरू होकर धनात्मक x अक्ष पर $x=\frac{1}{2}$ तक जाता है फिर वापस बाएं
(D) कण का अंतिम वेग शून्य है।

10. t=0 से t=1s के बीच कण द्वारा चली कुल दूरी है।
(A) 0m (B) 1M (C) 2m (D) $\frac{1}{2}m$

PART-III: ASSERTION/REASON

11. **कथन**: एक कण जिसका त्वरण ऋणात्मक है, मंदित होगा
कारण: त्वरण की दिशा वेग की दिशा पर निर्भर नहीं करती।
(A) यदि कथन व कारण दोनां सत्य है। एवं कारण, कथन की सही व्याख्या है।
(B) यदि कथन व कारण दोनों सत्य है परन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या नहीं है।
(C) यदि कथन सत्य है परन्तु कारण असत्य है।
(D) यदि कथन असत्य है परन्तु कारण सत्य है।

12. **वक्तव्य 1**: औसत वेग का परिणाम औसत चाल के बराबर होता है
वक्तव्य 2: तात्कालिक वेग का परिणाम तात्कालिक चाल के बराबर होता है
(A) वक्तव्य–1 सत्य है, वक्तव्य –2 सत्य है, वक्तव्य–2 वक्तव्य–1 का सही स्पष्टीकरण है।
(B) वक्तव्य–1 सत्य है, वक्तव्य–2 सत्य है, वक्तव्य–2 वक्तव्य–1 का सही स्पष्टीकरण नही है।
(C) वक्तव्य–1 सत्य है, वक्तव्य–2 असत्य है
(D) वक्तव्य–1 असत्य है, वक्तव्य–2 सत्य है

13. **वक्तव्य1:** जब एक कण का वेग शून्य होता है, तो उस क्षण का त्वरण भी शून्य होना चाहिये।

वक्तव्य2: त्वरण का मान $a = v\left(\frac{dv}{dx}\right)$ होता है, जहा v उस क्षण कण का वेग है।

(A) वक्तव्य–1 सत्य है, वक्तव्य –2 सत्य है, वक्तव्य–2 वक्तव्य–1 का सही स्पष्टीकरण है।
(B) वक्तव्य–1 सत्य है, वक्तव्य–2 सत्य है, वक्तव्य–2 वक्तव्य–1 का सही स्पष्टीकरण नही है।
(C) वक्तव्य–1 सत्य है, वक्तव्य–2 असत्य है
(D) वक्तव्य–1 असत्य है, वक्तव्य–2 सत्य है

14. वक्तव्य–1 एक कण एक सरल रेखा में नियत त्वरण से गति करता है। किसी समय अन्तराल में इस कण का औसत वेग शून्य नहीं हो सकता है।

वक्तव्य–2: सरल रेखा में नियत त्वरण से गति करते हुए एक कण के लिए एक समय अन्तराल में इस कण का औसत वेग $\frac{u+v}{2}$ होता है। जहां u तथा v दिये गये समय अन्तराल में कण के प्रारम्भिक तथा अंतिम वेग है।

(A) वक्तव्य–1 सत्य है, वक्तव्य –2 सत्य है, वक्तव्य–2 वक्तव्य–1 का सही स्पष्टीकरण है।
(B) वक्तव्य–1 सत्य है, वक्तव्य–2 सत्य है, वक्तव्य–2 वक्तव्य–1 का सही स्पष्टीकरण नही है।
(C) वक्तव्य–1 सत्य है, वक्तव्य–2 असत्य है
(D) वक्तव्य–1 असत्य है, वक्तव्य–2 सत्य है

PART-IV: TRUE/FALSE

15. **सत्य/असत्य बताइए:**

(i) यदि किसी कण का त्वरण सदिष सदैव वेग सदिष के समान्तर हो तो कण का पथ सरल रेखा होगा

(ii) यदि त्वरण नियत हो तो कण का पथ अवष्य ही सरल रेखा होगा।

(iii) यदि वेग प्रत्येक 5 से. में आधा हो जाता हो तो कण कभी नहीं रूकेगा।

(iv) उपर की ओर फैंका गया कण तब तक उपर की ओर ही गति करता रहेगा। जब तक उस पर कार्यरत बल mg से ज्यादा हो।

(v) यदि कोई कण सरल रेखा में गतिमान हो तो इसके विस्थापन की परिणाम समान समय में तय की गई दूरी के बराबर होगा।

PART-V: FILL IN THE BLANKS

16. **रिक्त स्थान पूरित करो:**

(i) ....वेग तथा प्रारम्भिक व अंतिम वेग के माध्य के सदैव तुल्य होता है जबकि त्वरण नियत दिया हुआ है

(ii) समीकरण $x=x_0+v_0t+1/2\ at^2$ (जहां संकेतो का सामान अर्थ है) सभी एक विमिय गतियों के लिए सही है। जबकि ....

(iii) ....सदा औसत वेग व समयांतर के गुणनफल के तुल्य होता है

(iv) समीकरण $s_n=u+a/2\ (2n-1)n$ वें सैकण्ड में तय.................................के तुल्य हे (जहां संकेतों का सामान्य अर्थ है)

Exercise # 4

JEE PROBLEMS (LAST 10 YEARS)

1. एक 10^{2} किग्रा. द्रव्यमान का कण धनात्मक x- अक्ष के अनुदिष बल $F(x)=-\frac{k}{2x^2}$ के प्रभाव में गति करता है जहां $k=10^{-2}$ N m^2 है। समय t=0 पर x =1.0 मीटर है तथा इसका वेग शून्य है
(i) जब यह x=0.50 मीटर पर पहुचता है तब वेग क्या होगा।
(ii) वह समय जब यह x=0.25 मीटर पर पहुंचता है। **[JEE ‘ 98,8]**

2. एक सैकण्ड में एक कण A से B तथा 1.0 मीटर त्रिज्या के अर्द्धवृत्त में चक्कर लगाता है।
औसत वेग का परिणाम क्या होगा। **[JEE ‘ 99,2]**



(A) 3.14 m/sec (B) 2.0 m/sec (C) 1.0 m/sec (D) zero

3. एक बॉल को जमीन पर d उचांई से गिराया जाता है यह जमीन से टकराती है और उपर की ओर d/2 उचांई तक पहुंचती है। हवा के प्रतिरोध को नगण्य माने तो वेग v उचांई h के साथ किस प्रकार बदल रहा होगा। **[JEE ‘ 2000, 3]**

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

4. एक ब्लॉक चिकने नततल पर विराम से t=0 पर गति करना प्रारम्भ करता है। माना S_n दूरी ब्लॉक द्वारा अन्तराल t=n-1 से t=n तक तय करने में लगती है तो $\frac{Sn}{Sn+1}$ का अनुपात क्या होगा। **[JEE Scr. 2004, 3]**

(A) $\frac{2n-1}{2n}$ (B) $\frac{2n-1}{2n+1}$ (C) $\frac{2n+1}{2n-1}$ (D) $\frac{2n}{2n-1}$

5. विरामावस्था से प्रारम्भ हुआ एक कण यह नियत रेखीय त्वरण a से चित्रानुसार गतिमान है।
कण द्वारा प्राप्त अधिकतम चाल होगी – **[JEE Scr. 2004; 3]**



(A) 605 m/s (B) 110m/s
(C) 55 m/s (D) 550 m/s

6. सीधी रेखा के अनुदिष गति करते कण का वेग विस्थापन ग्राफ चित्रानुसार प्रदर्शित है। **[JEE Scr. 2005, 3]**



इनमें से अधिकतम सम्भावित त्वरण विस्थापन ग्राफ होगा?

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

Answers

Exercise =1

PART-1

SECTION (A):

A1 कार द्वारा तय दूरी =48m.
कार द्वारा तय विस्थापन =36m

A2 (a) 110 m (b) 50m, $\tan^{-1}\frac{3}{4}$ उत्तर से पूर्व की ओर

SECTION (B)

B1 (a) 32 किमी./घण्टा (b) शून्य

B2 $\dfrac{3v_1v_2v_2}{v_1v_2+v_2v_3+v_1v_3}$

SECTION (C)

C1. (a) $[A] = [LT^{-1}]$, $[B] = [LT^{-3}]$
(b) 24 Bt; (c) a+300B, 120B

C2. A-3 Bt^{-4} C3. $\frac{5}{2}$=2.5 m/s^2

SECTION (D)

D1. a=m/s^2; $\dfrac{175}{2}=87.5m$

D2. (a) 2700m= 2.7km, (b) 60m/s
(c) 225 m and 2.25 km

D3. 50m; 2m/s^2; 20m

D4. (a) 100m; (b) 10s; (c) 19m, 15m

D5. 20m

SECTION (E)

E1. तय दूरी =10m; विस्थापन=6 m;
औसत वेग $=\dfrac{6}{5}=1.2m/s$

E2. 1000 ft.





E-3. दोनों स्थितियों के लिए v-t वक्र प्रदर्शित हैं



v-t वक्र में, चली गई दूरी =वक्र के मध्य का क्षेत्रफल
यहां क्षेत्रफल (AOD)= क्षेत्रफल (A'B'C')
क्षेत्रफल (ABC)= क्षेत्रफल (O'A'D)
क्षेत्रफल (ACED)< क्षेत्रफल (A'C'E'D)
कण B ज्यादा दूरी तय करेगा।

PART-II

SECTION (A): **A1. B**

SECTION (B):
B-1. B **B-2.A** **B3.A** **B4.B**

SECTION (C): **C1.A**

SECTOPM (D):
D1.D **D2.C** **D3.A** **D4.D**
D5.B **D6.B** **D7.B** **D8.C**

SECTION (E):
E1.C **E2.D** **E3.C** **E4.C**
E5.B **E-6.D**

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

EXERCISE # 2

PART-I

1. (a) $< V_1 > \; = < V_2 > = < V_3 > = < V_4 >$
(b) $V_{4,avg} > V_{1,avg} = V_{2,avg} > V_{3,avg}$

2. $2V_0 \left(\dfrac{v_1 + v_2}{2v_0 + v_1 + v_2} \right)$

3. (a) 24m, 24m (b) 24m, 40m

4. $\left(\dfrac{H}{H - h} \right) v$

5. 1.0km

6. $\dfrac{49}{10} m/s = 4.9 m/s$

7. 20ft/s^2

8. 70 m/s

9. दूसरी वस्तु के प्रारम्भ होने के 62 सैक. पश्चात्।

10. $\dfrac{30}{5} = 0.6$

11. (a) (0,1) s & (5,7) s
(1,5) s
(1,2)s & (5,6)s
(0,1) s & (3,5) s & (6,7) s
(b) (3,6) s
(0,2) s & (6,7)s
(2,3) s & (7,9)s
(c) 0 s & (2,3) s
(d) (7,9) s

12. (a) 190 ft/s (b) 2 s
(c) 8s, 0 ft/s (d) 10.8s, 90 ft/s
(e) 2,8 s
(f) प्रक्षेपित करने के 2 सैक. पष्चात् अधिकतम त्वरण होगा
(g) 2 सैक. व 10.08 सैक., के बीच नियत त्वरण -32 ft/s^2 है।

PART-II

1.	B	**2.**	B	**3.**	B	**4.**	C
5.	B	**6.**	A	**7.**	A	**8.**	A
9.	D	**10**	B	**11**	A	**12**	AD
13.	ABD	**14**	BCD	**15.**	A	**16**	AD
17.	A	**18**	C				

Exercise # 3

PART-I

1. (A) q,s (B)p (C) p (D) q, r
2. (i) C, (ii) A, (iii) B

PART-II

3.	A	**4.**	C	**5.**	i	**6.**	C
7.	B	**8.**	B	**9.**	D	**10.**	C

PART-III

11. D **12.** D **13.** D **14.** D

PART-IV

15. (i) T (ii) F (iii) T
(iv) F (v) F

PART-V

16. (i) औसत
(ii) नियत त्वरण है।
(iii) विस्थापन
(iv) विस्थापन

EXERCISE =4

1. (i) V =-1 I m/s (ii) t $\dfrac{\pi}{3} + \dfrac{\sqrt{3}}{4}$

2.	B	**3.**	A	**4.**	B
5.	C	**6.**	B		

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video

MOB

PART-1: OBJECTIVE QUESTIONS

1. एक आदमी मकान की छत के किनारे पर खड़ा होकर दो बॉल A तथा B फेंकता है। बॉल A को उर्ध्वाधर नीचे की ओर तथा बॉल B उर्ध्वाधर उपर की ओर समान चाल से फेंका जाता है। बॉल A जमीन पर v_A चाल से तथा B जमीन पर चाल v_B से टकराती है तो इनके बीच सम्बन्ध होगा।

(A) $v_A > v_B$ (B) $v_A < v_B$ (C) $v_A = v_B$

(D) u_A तथा u_B के बीच सम्बन्ध मकान की जमीन से ऊँचाई पर निर्भर करेगा

2. एक वस्तु का सीधी रेखा के अनुदिष वेग–समय ग्राफ चित्रानुसार प्रदर्शित है। 5 सेकण्ड में कण का विस्थापन क्या होगा।



(A) 3m (B) 5m

(C) 4m (D) 2m

3.* एक कण x-अक्ष के अनुदिष निम्न प्रकार गति करता है।

$x = u\,(t-2) + a\,(t-2)^2$

(A) कण का प्रारम्भिक वेग u है। (B) कण का त्वरण a है

(C) कण का त्वरण 2a है। (D) t=2 सैकण्ड पर कण मूल बिन्दु पर है

4. एक मोटर कार उत्तर की ओर 50. किमी./घण्टा की चाल से जा रही है। यह चाल में परिवर्तन किए बिना 90^0 से मुड़ जाती है। कार के वेग में परिवर्तन होगा।

(A) 50 किमी./घण्टा पष्चिम की ओर (B) $50\sqrt{2}$ किमी./घण्टा दक्षिण –पष्चिम की ओर

(C) $50\sqrt{2}$ किमी./घण्टा उत्तर –पष्चिम की ओर (D) शून्य

5. दो कण जो एक ही सीधी रेखा के अनुदिष बिन्दु A से t=0 समय पर क्रमषः त्वरण a, 2a तथा 2u,u वेग से छोड़े जाते है। एक कण दूसरे कण को पीछे छोड़नेतक A के सापेक्ष कितनी दूर चला?

(A) $\frac{6u^2}{a}$ (B) $\frac{2u^2}{a}$ (C) $\frac{4u^2}{a}$ (D) इनमें से कोई नही।

6. एक निर्देष बिन्दु से एक पिण्ड का विस्थापन $\sqrt{x = 2t - 3}$, द्वारा प्रदर्षित किया जा सकता है जहां ‘x’ मीटर में हे और ‘t’ सेकण्ड में है। यह दिखाता है कि पिण्ड

(A) t=3/2 पर विराम में है। (B) त्वरित

(C) मंदित है। (D) एक समान गति में है।

7. एक कण को जमीन से उपर की ओर फैंका जाता है यह हवा का नियत प्रतिरोध महसूस करता है जो कि कण के वेग की दिषा के विपरीत 2मी./से^{2} का मंदन उत्पन्न करता है। उपर जाने और नीचे आने के समय का अनुपात होगा। [g=10 मी./से^{2}]

(A) 1:1 (B) $\sqrt{\frac{2`}{3}}$ (C) $\frac{2}{3}$ (D) $\sqrt{\frac{3}{2}}$

8. A से प्रारम्भ करते हुये, एक कण सरल रेखीय पथ AB और फिर BC के अनुदिष x-y तल में गति करता है, जैसा कि ग्राफ में दिखाया गया है। जब यह बिन्दु P पर है, इसके औसत वेग और तात्कालिक वेग की दिषाओं के बीच का कोण है।



(A) 90^0 (B) 82^0

(C) 98^0 (D) 74^0

9. 100 मी. की दूरी दौड़ता हुआ एक चीता कुल समय के एक तिहाई समय के लिए त्वरित होता है और फिर एक समान चाल से गति करता है यदि चीता का त्वरण 8मी./से^{2} है, तो चीता द्वारा 100 मी. की दूरी दौड़ने में लिया गया कुल समय है।

(A) $3\sqrt{5}s$ (B) $5\sqrt{3}s$ (C) 12s (D) 9 s

10.*एक व्यक्ति उपर की ओर a त्वरण चलती हुई लिफ्ट से स्वयं के सापेक्ष एक गेंद को 'v' वेग से उर्ध्वाधर उपर की ओर फैंकता है तथा 't' समय बाद गेंद को पकड़ता हैं इसके बाद जब लिफ्ट समान त्वरण 'a' से नीचे की ओर चलती है तो व्यक्ति दुबारा गेंद को स्वयं के सापेक्ष समान वेग से उर्ध्वाधर उपर की ओर फैंकता हैं तथा 't_2' समय बाद गेंद को पकड़ता है।

(A)जब गेंद हवा में है तो इसका धरातल के सापेक्ष त्वरण g है।

(B)गेंद का लिफ्ट के सापेक्ष वेग v=$\dfrac{9(t_1+t_2)}{t_1t_2}$ है

(C) लिफ्ट का त्वरण a=$\dfrac{g(t_2-t_1}{t_1+t_2}$ है

(D) गेंद का व्यक्ति के सापेक्ष वेग v= $\dfrac{gt_1t_2}{(t_1)+t_2)}$ है।

11.एक कण x- अक्ष के अनुदिष नियत त्वरण से गति कर रहा है। t=0 सेकण्ड पर कण x=3 मी. पर है और $\dfrac{dx}{dt}=+4$ मी./से. कण के x- निर्देषांक का अधिकतम मान 2 सेकण्ड बाद देखा जाता है। t=0 सेकण्ड से प्रारम्भ करते हुये कण पुनः अपनी प्रारम्भिक स्थिति पर कितने समय में आयेगा।

(A) 4 sec. (B) 6 sec. (C) 8 sec. (D) 12 sec.

12.सरल रेखा में गतिमान एक कण के विस्थापन x तथा यात्रा समय 't' में सम्बन्ध है t=$\sqrt{(x+1)(x-1)}$ समय t पर त्वरण होगा।

(A) $\dfrac{1}{x}-\dfrac{1}{x^2}$ (B) $\dfrac{1`}{x^3}$ (C) $\dfrac{-t^2}{x^3}$ (D) $\dfrac{-t}{x^2}$

PART-II: SUBJECTIVE QUESTIONS

1. एक कण विराम अवस्था से प्रारम्भ होकर नियत त्वरण से चलता है अगर यह 18 किमी./घण्टा की चाल तक 5.0 सैकण्ड में पहुंचता है तो (a) इस समय में औसत वेग (b) इस दौरान कण द्वारा चली गई दूरी।

2. x-अक्ष के अनुदिष 4 मी./सैक^2 के त्वरण से गतिमान एक कण चौथे सैकण्ड में 20 मीटर तय करता है तो कण द्वारा तीसरे व पांचवे सैकण्ड में तय की गई दूरी बताइये।

3. नियत चाल से चलती टेन के दो अन्तिम सिरे किसी बिन्दु से वेग u तथा v से गुजरते हैं सिद्व कीजिए कि टेन का मध्य बिन्दु इसी बिन्दु से वेग $\sqrt{\dfrac{u^2+v^2}{2}}$ से गुजरेगा।

4. एक अन्तरिक्षयान एक सीधी रेखा में 75 किमी./सैकण्ड से गति करता हुआ रॉकेट को 6.0 सैकण्ड तक छोड़ता है। और फिर प्राप्त नियत चाल 120 किमी./सैक. से उसी दिषा में गति करता है।

(i) जब मोटर से रॉकेट दागा जा रहा था, उस दौरान अन्तरिक्षयान का औसत त्वरण क्या है?

(ii) रॉकेट मोटर के शुरू होने के 10 सैकण्ड बाद तक अन्तरिक्षयान कितना चला होगा, मोटर का क्रिया–समय 6.0 सैकण्ड तक था

5. एक लिफ्ट शाफ्ट के उपरी सिरे से नियम चाल 10मी./सैक. से नीचे उतरती है। 4 सैकण्ड के बाद षाफ्ट के उपरी बिन्दु से एक लड़का किसी पत्थर को 30 मी./सैक. से उपर की ओर फैंकता है। बताइये कि पत्थर लिफ्ट से कब और शाफ्ट से कितना नीचे टकराया होगा।(Take:g =10m/s^2)

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

6. x- अक्ष के अनुदिष गति करते कण का v-t ग्राफ दिया गया है। OA, AB, BC, CD तथा DE सीधी रेखा है परन्तु EF एक वक्र है जिसका समीकरण $v\frac{1}{2}(t-10)^2$ है।



बताइये

(a) कण द्वारा 6 सैकण्ड में तय दूरी तथा विस्थापन
(b) कण द्वारा 6 सैकण्ड से 10 सैकण्ड तक तय दूरी तथा विस्थापन
(c) कण द्वारा 10 सैकण्ड से 14 सैकण्ड तक तय दूरी तथा विस्थापन
(d) 0 से 14 सैकण्ड तक कण का विस्थापन
(e) 0 से 6 सैकण्ड तक कण की औसत चाल औसत वेग।
(f) 0 से 10 सैकण्ड तक कण की औसत चाल औसत वेग।
(g) 0 से 14 सैकण्ड तक कण की औसत चाल औसत वेग।
(h) कण का 1s, 3s, 6s, 9s और 12s पर त्वरण।
(i) 0 से 4s,0 से 10s, 0 से 14s, 2 से 8s, तथा 4 से 14 सैकण्ड तक कण का औसत त्वरण।

7. एक ट्रेन सीधी रेखा पर 2 km दूर स्थित दो स्टेषनों पर रूकते हुए यात्रा में 4 मिनिट का समय लेती है। इसकी गति का पहले एक समान त्वरित और फिर एक समान मंदित मानते हुए सि0 कीजिये कि $\frac{1}{x}+\frac{1}{y}=4.$ जहां 'x' और ý´त्वरण और मंदन के क्रमषः परिणाम है।

8. एक दो लेन सड़क पर A कार 36 km/h की चाल से चल रही है। दो कार B और C, कार A की ओर प्रत्येक 54 km/h की चाल से विपरित दिषाओं से आ रही है किसी निष्चित क्षण पर दूरी AC=AB=1km है। एवं B,A को C से पहले पार करना चाहता है,B का न्यूनतम त्वरण क्या होना चाहिए ताकि दुर्घटना से बचा जा सके।

9. एक सीधे रास्ते पर गतिमान वस्तु की चाल इस प्रकार बदलती है $0 \le t \le 5\sec$ के लिए v= $\frac{4}{5}t^2+3$ तथा t > 5t sec. के लिए v = 3t + 8 है। यदि दूरियां मीटर में है। तो कण द्वारा 10 सैकण्ड के अन्त तक तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए।

Answers

PART-1

1.C	2. A	3.CD	4.B
5.A	6. AB	7.B	8.B
9.A	10. ACD	11.A	12.B

PART-1

1. (a) 2.5 m/s, (b) 12.5 m

(a) u=0v= 18 km/h = $\frac{5}{18}$ x 18 = 5m/s

t=5 sec.

$v_{av}= \frac{u+v}{2} = \frac{0+5}{2} = 2.5m/s$

(b) d= $\left(\frac{u+v}{2}\right)t = 2.5x5 = 12.5meter$

2. s_3=16m, s_6=24m

3. v = $\sqrt{\frac{u^2+v^2}{2}}$

4. (i) 7.5 km/s^2 (ii) 1065 km

5. 12.9 s after the lift starts descending.

6. (a) 16m, 16m; (b) 8m,-8m; (c) $\frac{32}{3}m, \frac{32}{3}m$; (d) $\frac{56}{3}m$ (e) $\frac{8}{3}m/s, \frac{8}{3}m/s$; (f) $\frac{12}{5}m/s, \frac{4}{5}m/s$;

(g) $\frac{52}{21}m/s, \frac{4}{3}m/s$, (h) 2,0,-2,2,2m/s^2, (i) 1,0,$\frac{4}{7},-\frac{4}{3},\frac{2}{5}m/s2$

7. 4

8. 1m/sec^2

9. $\left(\frac{145}{3}+\frac{305}{2}\right)m$

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

प्रक्षेप्य गति

(PROJECTILE MOTION)

SUMMARY (सारांष)

प्रक्षेप्य क्षैतिज से 0^0, 180^0 और 90^0 के अलावा किसी कोण पर फैंका गया कण है।
परवलयाकार पथ = ऊर्ध्वाधर गति + क्षैतिज गति। दिए गए सभी सूत्र दिखाए गए धनात्मक **x** व **y** अक्ष के लिए है



	क्षैतिज दिशा	ऊर्ध्वाधर दिशा
(a)	प्रारम्भिक वेग $u_x = u \cos \theta$	प्रारम्भिक वेग $u_y = u \cos \theta$
(b)	त्वरण $a_x = 0$	त्वरण $a_y = 0$
(c)	t समय पष्चात वेग $v_{x} = u \cos \theta$	t समय पष्चात वेग $u_y = u \cos \theta$

उड्डयन कालः $T=\dfrac{2u\sin\theta}{g}$

क्षैतिज परासः $R=\dfrac{u^2\sin 2\theta}{g}$

अधिकतम ऊंचाईः $H=\dfrac{u_2\sin^2\theta}{2g}$

पथ की समीकरण : $y=x\tan\theta-\dfrac{gx^2}{2u^2\cos^2\theta}=x\tan\theta\left(1-\dfrac{x}{R}\right)$

अधिकतम परास के लिए: $\theta = 45^0$

अधिकतम परास $=\dfrac{u^2}{g}$

θ व $90^0-\theta$ (सम्पूरक कोण) के लिए परास समान है

क्षैतिज दिशा में फेंका गया प्रक्षेप्यः

	क्षैतिज दिशा	ऊर्ध्वाधर दिशा
(i)	प्रारम्भिक वेग $u_x = u$	प्रारम्भिक वेग $u_y = u$
(ii)	त्वरण $a_x = 0$	त्वरण $a_y = g$ (नीचे की ओर)

गतिशील वस्तु से प्रक्षेपण

एक ट्राली क्षैतिज दिशा में समान वेग v से गति करती है। माना कि एक लड़का ट्रॅाली पर खड़ा है जो एक गेंद को u वेग से क्षैतिज से θ कोण पर प्रक्षेपित करता है।

स्थिति (i): जब गेंद ट्रॅाली की गति की दिशा में प्रक्षेपित की जाए
गेंद के वेग का क्षैतिज घटक $=u\cos\theta + v$ । वेग का प्रारम्भिक ऊर्ध्वाधर घटक $= u\sin\theta$

स्थिति (ii): गेंद को ट्रॅाली की गति की विपरीत दिशा में प्रक्षेपित किया जाए
गेंद के वेग का क्षैतिज घटक $= u\cos\theta - v$
गेंद के वेग का प्रारम्भिक ऊर्ध्वाधर घटक $= u\sin\theta$

स्थिति (iii): गेंद के ऊपर की ओर v चाल से गतिशील प्लेटफार्म से ऊपर की ओर फैंकी जाए
गेंद के वेग का क्षैतिज घटक $= u\cos\theta$
गेंद के वेग का प्रारम्भिक ऊर्ध्वाधर घटक $=u\sin\theta + v$

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

स्थिति (iv): गेंद नीचे की ओर v चाल से गतिशील प्लटफार्म से ऊपर की ओर फैंकी जाए।
गेंद के वेग का क्षैतिज घटक = u cos θ
गेंद के वेग का प्रांरभिक ऊर्ध्वाधर घटक = sin θ -v

नत तल का प्रक्षेपण:



axis system

परास	नत तल पर ऊपर की ओर	नत तल पर नीचे की ओर
	$\frac{2u^2 \sin\theta \cos(\theta+\beta)}{g\cos^2\beta}$	$\frac{2u^2 \sin\theta \cos(\theta-\beta)}{g\cos^2\beta}$
उड्डयन काल	$\frac{2u\sin\theta}{g\cos\beta}$	$\frac{2u\sin\theta}{g\cos\beta}$
अधिकतम् परास के लिए प्रक्षेपण कोण	$\frac{\pi}{4}-\frac{\beta}{2}$	$\frac{\pi}{4}+\frac{\beta}{2}$
अधिकतम् परास	$\frac{u^2}{g(1+\sin\beta)}$	$\frac{u^2}{g(1-\sin\beta)}$

एक प्रक्षेप्य की दीवार से प्रत्यास्थ टक्कर:

मना एक प्रक्षेप्य को जमीन पर स्थित बिन्दु O से θ कोण पर u वेग से फैंका जाता है। प्रक्षेप्य की परास R है। यदि प्रक्षेप्य के रास्ते में बिन्दु O से X दूरी पर एक दीवर आ जाऐ तो यह प्रक्षेप्य दीवार के साथ प्रत्यास्थ टक्कर करेगा, और उसका पथ कैसे परिवर्तित होगा। यह नीचे प्रदर्षित है:–

स्थिति–1 यदि $x \geq \frac{R}{2}$

टकराने के बाद वेग का y घटक तो अपरिवर्तित रहेगा, लेकिन उसका X घटक उल्टा हो जाएगा। अतः बची हुई (R-X) दूरी यह विपरीत दिषा में तय करेगा, जिसके कारण यह बिन्दु O से (2x –R) दूरी आगे गिरेगा।



स्थिति–II $x < \frac{R}{2}$

इस बार भी टकराने के बाद वेग का y घटक अपरिवर्तित रहेगा, लेकिन उसका x घटक उल्टा हो जाएगा। अतः बची हुई (R-x) क्षैतिज दूरी यह पीछे की ओर तय करेगा। चित्रानुसार जिसके कारण यह प्रक्षेप्य बिन्दु O से (R-2x) दूरी पर पीछें गिरेगा।



Exercise # 1

PART-1: SUBJECTIVE QUESTIONS

SECTION (A) : क्षैतिज तल में प्रेक्षेप्य गति (DEFINITION, PROJECTILE ON A HORIZONTAL PLANE)

A-1 एक कण को क्षैतिज से 45^0 के कोण पर 20 m/s के वेग से प्रक्षेपित किया जाता है तो ज्ञात करिये –[g=10m/s]
(a) क्षैतिज परास (b) अधिकतम उंचाई (c) उडडयन काल
(d) किस कोण के लिए T अधिकतम होता है T_{max} =?
(e) किस कोण के लिए R अधिकतम होता है, R_{max} =?

A-2 दो वस्तुओं को क्षैतिज से θ और (90- θ) कोणों पर समान चाल से प्रक्षेपित किया जाता है। उनके उड्डयन कालों का अनुपात क्या होगा?

A-3 उपरोक्त प्रष्न में दोनों की अधिकतम उंचाई का अनुपात क्या होगा।

A-4 किसी वस्तु को इस प्रकार फेंका गया कि इसकी क्षैतिज परास, इसके द्वारा प्राप्त अधिकतम उंचाई के बराबर है। प्रक्षेपण कोण ज्ञात करों।?

A-5 दो भिन्न प्रक्षेपण कोणों के लिए प्रक्षेप्य की परास समान है यदि दोनों प्रक्षेपण कोणों के लिए उड्डयन काल t_1 और t_2 है तो t_1t_2 और R में सम्बन्ध बताइये।

A-6 एक क्रिकेटर एक बॉल को अधिकतम क्षैतिज दूरी 100 m तक फैंक सकता है। तो वह बॉल को अधिकतम कितनी उंचाई तक फैंक सकता है।

SECTION (B) मीनार में प्रक्षेप्य गति (PROJECTILE FROM A TOWER)

B.1 490 m उंचे पर्वत से एक प्रक्षेप्य को 98 m/s के वेग से क्षैतिज फैंका गया है। ज्ञात करों: (g=9.8 m/s ^{2})
(i) प्रक्षेप्य को जमीन तक पहुंचने में लगा समय।
(ii) प्रक्षेप्य पहाड़ से कितनी क्षैतिज दूरी पर जमीन से टकराएगा।
(iii) प्रक्षेप्य किस वेग से जमीन से टकराएगा।

B2_ 50m उंची मीनार से एक कण क्षैतिज से 30^0 के कोण पर उपर की ओर 30 m/s की चाल से प्रक्षेपित किया जाता है। तो ज्ञात कीजिए।
(i) धरातल से कण की अधिकतम उंचाई(ii) मीनार से कितनी दूरी पर कण धरातल से टकरायेगा। (iii) उड्डयन काल

SECTION (C): प्रक्षेप्य पथ का समीकरण (EQUATION OF TRAJECTORY)

C1. प्रक्षेप्य पथ का समीकरण: $y=\sqrt{3}x-\frac{gx^2}{2}$ है। प्रक्षेपण कोण तथा प्रक्षेपण चाल ज्ञात करो।

SECTION (D) गतिषील गाड़ी से फैंका गया प्रक्षेप्य (PROJECTILE FROM A MOVING OBJECT)

D1. एक गाड़ी 10 m/s की चाल से गतिषील है उस गाड़ी में बैठा एक लड़का एक बॉल को गाड़ी के सापेक्ष 20m/s की चाल से क्षैतिज से 37^0 के कोण पर फैंकता है।

(a)
(i) यदि बॉल को ट्रॉली की दिषा से प्रक्षेपित किया जाए तो कण के प्रारम्भिक वेग के क्षैतिज तथा उर्ध्वाधर घटक ज्ञात करो।
(ii) लड़के के सापेक्ष क्षैतिज परास ज्ञात करो।
(iii) धरातल के सापेक्ष परास ज्ञात करो।
(iv)उड्डयन काल तथा अधिकतम उंचाई ज्ञात करो।

(b)
(i) यदि कण को ट्रॉली की दिषा के विपरीत प्रक्षेपित किया जाये तो कण के प्रारम्भिक वेग के क्षैतिज तथा उर्ध्वाधर घटक ज्ञात करो।
(ii) लड़के के सापेक्ष क्षैतिज परास ज्ञात करो।
(iii) धरातल के सापेक्ष क्षैतिज परास ज्ञात करो।
(iv) उड्डयन काल तथा अधिकतम उंचाई ज्ञात करो।

Download FREE Study Package from www.TekoClasses.com & Learn on Video
www.MathsBySuhag.com Phone : 0 903 903 7779, 98930 58881

D2. क्षैतिज सड़क पर 15m/s के नियत वेग से गतिशील ट्रक पर एक व्यक्ति खड़ा है। यह व्यक्ति इस प्रकार एक गेंद फैंकता है ताक गेंद के वापस व्यक्ति के हाथ में लौटने तक ट्रक 60m दूरी तय करता है, तो निम्न स्थितियों में चाल तथा प्रक्षेपण कोण ज्ञात कीजिए। (a) ट्रक से देखने पर (b) सड़क से देखने पर ($g=10\ m/s^2$)

SECTION (E) : एक नततल पर प्रक्षेप्य (PROJECTIL ON AN INCLINED PLANE)

E1. चित्रानुसार एक पिण्ड को u वेग नततल से θ कोण बनाते हुए प्रक्षेपित किया जाता है। नततल क्षैतिज से β कोण बना रहा है t समय बाद ज्ञात करो।

(a) त्वरण का x घटक ?
(b) त्वरण का y घटक?
(c) वेग का x घटक?
(d) वेग का y घटक?
(e) विस्थापन का x घटक?
(f) विस्थापन का y घटक?
(g) जब पिण्ड नततल से अधिकतम दूरी पर तब इनके वेग का y घटक ?



PART # II OBJECTIVE QUESTIONS

SECTION (A) : क्षैतिज तल में प्रक्षेप्य गति, परिभाषाऐं (DEFINITION, PROJECTILE ON A HORIZONTAL PLANE)

